**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 13.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. लगातार व्यवधानों के बीच संपन्न हुआ संसद का मानसून सत्र, 19 बैठकों में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित।
2. केंद्रीय मंत्रियों ने तिरंगा फहराकर देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की।
3. स्वतंत्रता दिवस समारोहों के सीधे प्रसारण की तैयारियाँ पूरी, कल शाम सात बजे राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।
4. सांसद विष्णु पद रे ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर अंडमान–निकोबार की ग्रामीण सड़क परियोजनाओं पर की चर्चा।

<><><><><><><>

संसद का मानसून सत्र आज हंगामे और व्यवधानों के बीच संपन्न हो गया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 19 बैठकों और 25 दिनों के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 20 जुलाई से शुरू हुए सत्र के दौरान लोकसभा में 11 और राज्यसभा में 2 विधेयक पेश किए गए, जबकि दोनों सदनों ने 12 विधेयक पारित किए। इनमें सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम, जन्म और मृत्यु पंजीकरण, एमएसएमई विकास, अधिकरण सुधार तथा खान और खनिज विकास से जुड़े संशोधन विधेयक प्रमुख हैं। हालांकि, लगातार व्यवधानों के कारण कई विधेयकों पर विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी।

<><><><><><><>

संसद ने खान और खनिज–विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक–2026 पारित कर दिया है। राज्यसभा ने आज इसे मंजूरी दी। विधेयक का उद्देश्य खनन क्षेत्र को अधिक कुशल और निवेश–अनुकूल बनाना तथा महत्वपूर्ण खनिजों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि सरकार ने खनिज संसाधनों के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित की है और राज्यों के साथ राजस्व साझाकरण बढ़ाया है। चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने संघवाद, राज्यों की वित्तीय स्वायत्तता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दे उठाए।

<><><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा तथा विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री अमित शाह ने कहा कि यह अभियान देशभक्ति की भावना को मजबूत कर रहा है और हर भारतीय में गर्व की भावना जगा रहा है। नई दिल्ली में अपने आवास पर तिरंगा फहराते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी सोशल मीडिया पर तिरंगे के साथ अपनी तस्वीर साझा की। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सभी नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय के खेल अनुभाग की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस और आगामी एस जी एफ आई 2026 के अवसर पर 19 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए अंतर–विद्यालय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता सह चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता 18 से 25 अगस्त तक श्री विजयपुरम के भातूबस्ती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मैदान में होगी। प्रतियोगिता में दक्षिण अंडमान क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक दक्षता, टीम भावना और सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम सात बजे भारत की राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश हिंदी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद अंग्रेजी में इसका प्रसारण होगा। पंद्रह अगस्त को दिल्ली के लाल किले से अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह छह बजकर पच्चीस मिनट से समारोह के समापन तक दूरदर्शन केन्द्र, श्री विजयपुरम के यू–ट्यूब चैनल पर किया जाएगा। राजधानी श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम से राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सजीव प्रसारण सुबह आठ बजकर पचास मिनट से कार्यक्रम के समापन तक होगा। इसके अलावा, स्वतंत्रता दिवस पर शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे। रात आठ बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का पुनः प्रसारण होगा। इसका दोबारा प्रसारण सोलह अगस्त को सुबह आठ बजे से भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे ने हाल ही में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की मंजूरी से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना–चार, 2024 के दिशा–निर्देशों के तहत केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा भेजे गए एक सौ इक्यासी ग्रामीण सड़क प्रस्तावों पर दोबारा विचार करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि अब तक इनमें से केवल चवालीस सड़कों को मंजूरी मिली है, जबकि बाकी एक सौ सैंतीस सड़कों पर संशोधित दिशा–निर्देशों के तहत विचार नहीं किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही प्रशासन के अधिकारियों, ग्रामीण विकास मंत्रालय और सांसद विष्णु पद रे के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने कार निकोबार और ननकौड़ी द्वीप समूह में किसानों के बीच टिकाऊ, रसायन–मुक्त और जलवायु–अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के लिए जैविक प्रमाणन के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत सहभागी गारंटी प्रणाली के माध्यम से जैविक उत्पादों की

गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल से किसानों को संस्थागत सहायता के साथ जैविक उपज के मूल्य संवर्धन और सीधे विपणन के बेहतर अवसर मिलेंगे। इसका उद्देश्य पारंपरिक जैविक खेती को मजबूत करना, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार और क्षेत्र की स्वदेशी कृषि पद्धतियों का संरक्षण करते हुए सतत कृषि विकास को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के श्री विजयपुरम् स्थित सी एस एल ए एन शिप रिपेयर यूनिट में प्रोजेक्ट असिस्टेंट (ऑफिस) के एक पद पर संविदा भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी कोचीन शिपयार्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंद्रह अगस्त को फिनिक्स बे और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त फेरी सेवाएं संचालित की जाएंगी। जहाजरानी सेवा निदेशालय के अनुसार, ये अतिरिक्त फेरी सेवाएं सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक चलेंगी। इससे बम्बूफ्लाट और आसपास के क्षेत्रों से आने–जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

<><><><><><><>

श्रावण मास के अवसर पर चिन्मय मिशन द्वारा सोलह अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे मिशन सभागार में पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा। शिवलिंग बनाने के लिए मिट्टी की व्यवस्था मिशन की ओर से की जाएगी। श्रद्धालुओं से पूजा सामग्री अपने साथ लाने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए श्रद्धालु फोन नंबर 9434–262–907 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री वेट्रिमलाई मुरुगन मंदिर, आर.जी.टी. रोड में देवी श्री अन्नई कामाक्षी को समर्पित 11वें आड़ी महोत्सव का आयोजन कल किया जाएगा।

<><><><><><><>